तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025



12 साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा माता कर्मा की पूजा कर लिया ...

11 माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलें, शिक्षा और ...








# नहर से सीधे पानी लेकर कर रहे थे खेतों की सिंचाई, 4 किसानों के मोटर पंप जब्त

## हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद विद्युत विभाग ने मंगलवार को की कार्रवाई

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

■ सिकोसा सब स्टेशन के जेई बघेल ने कहा- अवैध रूप से पंप संचालन पर जारी रहेगी कार्रवाई

अंचल में निस्तारी के लिए तालाबों को भरने जलाशय से पानी छोड़ा गया है। वहीं, कुछ किसान नहर में पंप लगाकर खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। इसके लिए बिजली चोरी कर मोटर पंप चलाया जा रहा है। इस बीच विद्युत विभाग ने अवैध रूप से नहर में पंप लगाकर खेतों में पानी सिंचाई कर रहे 4 किसानों का मोटर पंप जब्त करने की कार्रवाई की है। इनमें से आंकी गई है। इस कार्रवाई से अन्य किसानों में दहशत का माहौल है। वहीं, सिकोसा सब स्टेशन के जेई चंद्रकुमार बघेल ने कहा कि अवैध रूप से मोटर पंप चलाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बता दें कि गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हल्दी बेलोदी भुसरेंगा सियनमरा समेत मुख्य नहर व कई सहायक नहरों से कई गांवों के किसानों के खेत लगे हुए हैं। इनमें से कुछ ऐसे किसान हैं, जिन्होंने रबी सीजन में धान फसल बोर के पानी के भरोसे लगाई है। मार्च माह में पड़ रही भीषण गर्मी से कई किसानों के बोर में पानी की धार पतली हो गई है। कहीं-कहीं बोर बंद हो चुका है, जिससे बोर के पानी से खेतों में लगाई धान फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि नहर किनारे ▶▶| शेष पेज 11 पर



गुंडरदेही ब्लॉक के कई गांवों में नहर में दिख रहे मोटर पंप

निस्तारी के लिए छोड़ा गया पानी, कई जगह नहर में पंप लगाकर खेतों में पहुंचा रहे किसान



### विगत वर्ष करंट लगने से हुई थी किसान की मौत

बता दें कि पिछले साल तांदूला नहर में छोड़े गए पानी से सीधे खेतों में सिंचाई के दौरान करंट लगने से बेलोदी निवासी एक किसान की मौत हो गई थी। किसान की लाश पानी में मिली थी। उसके बाद भी क्षेत्र के किसान सबक नहीं ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रेलवे फाटक बालोद में प्याऊ घर का उद्घाटन



**बालोद।** मंगलवार को स्व.सीमा जाधव की स्मृति में रेलवे फाटक बालोद में प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। इसके साथ राहगीरों को ठंडा शरबत का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर होमन राव जाधव, सुरेन्द्र डुकरे छ.ग. मराठा समाज प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, नेताजी राव इंदुरकर, कुणाल भोसले, राकेश राव, नेम सिंह, रमेश यादव, किशन निर्मलकर उपस्थित थे।

### दानी टोला के पास जंगलों में फेंके गए सीड बॉल



**बालोद।** बारिश से पूर्व 5000 सीड बाल तैयार कर ग्रीन कमांडो वीरेन्द्र सिंह बालोद जिले के जंगलों में डालेंगे। इसके लिए अब तक हरड़, बेहरा, करंज, सीताफल, इमली, आंवला के बीज से सीड बाल तैयार कर चुके हैं। जैसे ही बारिश शुरू होगी इन सीड बॉल में पौधे अंकुरित होकर कुछ समय के बाद पेड़ बनने लगेंगे। उनकी टीम द्वारा लोगों से निवेदन किया जा रहा है वे आपके घर में आम, कुसुम, जामुन, नीम, करंज के बीज आसपास के जंगलों में फेंकें, ताकि बारिश होने के बाद यह बीज अंकुरित हो सकें और एक पेड़ बन जाएं। इसी तारतम्य में दानी टोला के आसपास जंगल और घाटी में सीड बाल गुलेल के माध्यम से फेंके गए।

### ग्राम तमोरा में भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम कल

**अंडा।** ग्रामीण साहू समाज तमोरा के तत्वावधान में भक्त शिरोमणि माता कर्मा जयंती का आयोजन 27 मार्च को किया जाएगा । कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे शोभायात्रा के साथ होगी। इस अवसर पर भीखाराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज भाटागांव आर, मोहन लाल साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज भाटागांव आर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संध्या 4 बजे पूजा अर्चना कर महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। शाम 6 बजे से अतिथि सम्मान होगा। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि तारिणी-पुष्पेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद होंगी, अध्यक्षता मानसिंह सार्वा अध्यक्ष तहसील साहू समाज गुण्डरदेही करेंगे। रात्रि 11 बजे से संगम सांस्कृतिक लोककला मंच सुशील गुरु कृत पलारी धमतरी की मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी।

## दुर्घटना

### बालोद जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से घर में घुसा खड़ा ट्रक, चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ दुर्ग-बालोद मार्ग पर स्थित ग्राम डगनिया में हुई दुर्घटना

जिले में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घायल हो गए। एक व्यक्ति की मौत तब हुई, जब वह अपने घर के पास था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग-बालोद मार्ग पर स्थित ग्राम डगनिया में दो दिनों पहले दुर्घटना के बाद सड़क किनारे खड़े एक ट्रक खड़ा था। उस खड़े ट्रक से एक दूसरा ट्रक आकर सामने से भिड़ गया। वहीं, दुर्घटना में घर के पास खड़े एक किसान अंजू राम की मौत हो गई। दरअसल दूसरे ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे खड़ा ट्रक पास स्थित एक ▶▶| शेष पेज 11 पर



### तेज रफ्तार ट्रक ने रांग साइड आकर खड़े ट्रक को ठोका

घटना के बाद मृतक के दामाद नंदकुमार देशमुख ने बताया कि 24 मार्च को ग्राम डंगनिया के पास मेरे ससुर अंजुराम देशमुख के घर के सामने दो दिन पहले एक ट्रक का एक्सीडेंट हो गया था। दुर्घटना के बाद से ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजी 8986 घर के सामने ही खड़ा था। इसी दौरान दुर्ग से बालोद की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएच 1957 के चालक ने अपने तेज रफ्तार वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए गलत साईड में लाकर ससुर अंजु राम देशमुख के घर के सामने खड़े ट्रक को ठोकर मार दिया। इससे पहले से खड़ा हुआ ट्रक घर में घुस गया। इससे घर के पीछे स्थित बबूल पेड़ के गोले से ससुर अंजुराम देशमुख के सिर व सीने में गंभीर चोट आई। उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से शासकीय अस्पताल

### दो बाइक में भिड़ंत, बुजुर्ग की मौत, महिला सहित दो घायल



**बालोद।** ग्राम जाटादाह पेट्रोल पंप के सामने दो मोटर साइकिलों में भिड़ंत हो जाने सक एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं एक पुरुष और बुजुर्ग महिला घायल हो गए। इस घटना में भी दोनों दो पहिया चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है। हेलमेट नहीं पहनने के कारण ही बुजुर्ग को सिर में गंभीर चोटें आई है। वहीं, मृतक के बेटे रवि धमगये ने बताया कि मेरे पिता टामन लाल धमगये अपनी बुआ शांति बाई को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एफ 5825 में पीछे बैठा कर उसके घर दल्लीराजहरा छोड़ने जा रहे थे। वे ग्राम जाटादाह पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे, तभी दल्लीराजहरा तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एवी 0112 के चालक लीलेश्वर मंडावी ग्राम मरसकोला ने सामने से ठोकर मार दी। इससे टामन लाल धमगये के सिर एवं मस्तक में गंभीर चोट आने से उनकी मौत हो गई। वहीं दादी शांति बाई को भी गंभीर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए शहीद अस्पताल राजहरा में भर्ती कराया गया है।

# निर्माणाधीन मकान में तराई के दौरान लगा करंट, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बरही की घटना

कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बरही में करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक का नाम लोमस ऋषि विश्वकर्मा 35 वर्ष बताया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना नया पक्का मकान बनवा रहा था।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे युवक निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में मिट्टी और पानी डाला जा रहा था। इसी दौरान पास के लोहे के खंभे में कटा हुआ सर्विस तार लगा था, जिससे जमीन पर करंट फैल गया। इससे युवक को तेज झटका लगा और मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक करंट लगने के बाद लोमस ▶▶| शेष पेज 11 पर



### सांकरा के पास हुए सड़क हादसे में घायलों को पहुंचाया था अस्पताल

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक लोमस इलेक्ट्रॉनिक मोटर मिस्त्री था। गांव में समाजसेवा के लिए सबसे आगे रहता था। पिछले हफ्ते सांकरा के पास हुए सड़क हादसे में लोमस 108 एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचा। खुद ही गाड़ी से उतार कर इलाज करवाया। गांव में एक युवा साथी के चले जाने से मातम का माहौल है। धमतरी में पोस्टमॉर्टम के बाद दोपहर 3 बजे गृहग्राम बरही में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें अधिकारी : चंद्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबेधित विभागों के अधिकारियों के साथ इस संबंध में विस्तृत चर्चा की। इ

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने संबंधित विभाग प्रमुखों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने लापरवाही पूर्वक एवं तेज गति तथा नशापान कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने बिना हेलमेट पहने दो पहिया एवं सीट बेल्ट लगाए बिना चार पहिया वाहनों से अपने कार्यालय आने-जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों से 500 रुपये की जुर्माना वसूल कर उसे जिला सड़क सुरक्षा समिति के कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बिना हेलमेट वाहन चालकों को न दें पेट्रोल

श्री चन्द्रवाल ने हेलमेट का उपयोग कर पेट्रोल भराने के लिए पेट्रोल पंप में आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को ही पेट्रोल प्रदान करने के लिए जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों का बैठक भी आयोजित करने के निर्देश अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हित कर स्ट्रीट लाईट, संकेतक लगाने को कहा। इसके अलावा उन्होंने स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों की नियमित रूप से फिटनेस जाँच कराने तथा सड़क के किनारे लंबे समय तक खड़ी खराब एवं पुराने वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही अलावा वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## बालोद थाना पुलिस ने कहा- की जाएगी सख्त कार्रवाई

# युवक ने चाकू लहराते हुए बनवाया वीडियो, अब तलाश में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद फरार हुआ युवक

थाना अंतर्गत एक युवक का चाकू लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक अपने दोस्तों के साथ बैठा नजर आ रहा है और हाथ में करीब 7 इंच लंबा चाकू लिए हुए है। जब उसके साथी ने इस घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, तो युवक ने बेपरवाही से कहा ले, बना वीडियो।

अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, वीडियो को देखने के बाद बालोद पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने युवक की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह फरार हो गया। चाकू लहराने का यह वीडियो एक हफ्ता पुराना बताया जा रहा है। जिसे पुराना बस स्टैंड स्थित एक इलेक्ट्रिकल दुकान के सामने बनाया गया था। वीडियो शूट करने वाला भी उसका दोस्त है। वीडियो में दिख रहा युवक कुर्मीपारा निवासी बताया जा रहा है, जो अपने पिता के साथ कपड़ा दुकान चलाता है।

बालोद टीआई रविशंकर पांडेय ने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद से आरोपी फरार है। लेकिन उसकी तलाश जारी है, जल्द ही उसे पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि चाकू लहराने और अवैध रूप से हथियार रखने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




## खबर संक्षेप



### समाज का होली मिलन व कार्यकारणी बैठक सपन्न

**दुर्ग।** जिला ठेठवार यादव समाज दुर्ग नगर का होली मिलन व कार्यकरिणी की बैठक यादव समुदायिक भवन राजीव नगर मे सम्पन्न हुआ। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाया। साथ ही संगठन विस्तार पर चर्चा व आगामी दुर्ग जिला ठेठवार समाज का बैठक यादव ठेठवार समाज जहां जनसंख्या ज्यादा है दुर्ग नगर के सिकोला, बोरसी, कसारीडीह, मठपारा, बैगापारा जैसे स्थानों मे बैठक किया जाएगा व इकाई गठन किया जाएगा वहां सदस्य बनाया जाएगा। आगामी दिनों मे रक्त दान, स्वास्थ शिविर जैसे कार्यक्रम कराया जाएंगे। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, युवा अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव, कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, महिला अध्यक्ष श्रीमति अहिल्या यादव, शिव प्रसाद यादव, होमलाल यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव, राधेलाल यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे।

### कोटनी में केपीएल सीजन 5 का समापन



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में रविवार को वार्ड स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता रंगा रंग केपीएल सीजन 5 का समापन हुआ। विरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि हर वर्ष यहां प्रतियोगिता होली मिलन समारोह के रूप में आयोजित की जाती है। इस वर्ष 16 मार्च से प्रत्येक रविवार को दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ग्राम कोटनी पंचायत के प्रत्येक 19 वार्डों के बीच में खेला गया। वहीं फाइनल मैच 23 मार्च को वार्ड 11 वर्सेस वार्ड 12 के बीच खेला गया। जिसमें सीआरपीएफ वार्ड 12 की टीम विजेता रही। प्रथम पुरस्कार पप्पू भीष्म हेमलाल गान्नी द्वारा 3555 रु दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2222 रु ग्राम पंचायत सरपंच राम सिंह निषाद शील्ड नरसिंह साहू द्वारा दिया गया। इस अवसर पर केपीएस सीजन 5 के अध्यक्ष हेमंत विश्वकर्मा उपाध्यक्ष हेमलाल कुम्हार, सरपंच रामसिंह निषाद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से दुर्ग शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि शहर में अपराधी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देकर बड़े आराम से बच निकलकर भाग जाते हैं। इसके पीछे वजह शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों का न होना है। सीसीटीवी कैमरा कई उद्देश्यों को पूरा करता है। किसी आपराधिक घटना के बाद आरोपियों की पहचान करने में इससे मदद मिलती है।

**सख्ती:** पिछले कई सालों से बकायादारों ने गटक रखे 73 लाख से अधिक राशि

# बकायादारों के नामांतरण पर रोक नाम, पैन और आधार नंबर लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अंतर की राशि (आरआरसी) को नही पटाने वाले बकायदारों पर राज्य शासन द्वारा शिकंजा कस दिया गया हैं। रजिस्ट्री के बाद बकाया राशि नही पटाने वाले बकायदार के खसरा के अंतरण पर सिस्टम एनजीडीआरएस सिस्टम में रोक लगा दी गई है। जिसके बाद से बकायदारों में हडकंप की स्थिति निर्मित हैं।

जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद कई पक्षकार का बाद में आडिट होने के बाद बकाया राशि जिसे आरसीसी कहते हैं, इसकी वसूली की जाती हैं। लेकिन तीन बार से अधिक नोटिस देने के बाद ऐसे बकायदार बाज नही आ रहे हैं। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, जिले में 31 प्रकरण हैं, जिनसे 73 लाख 42 हजार 097 रूपए की वसूली की जानी हैं। यही कारण है कि, राज्य शासन द्वारा एनजीडीआरएस प्रणाली में उनके जमीन के अंरतरण यानि नामांतरण पर रोक लगा दी गई हैं। वर्ष 2024-25 के वित्तिय वर्ष में भी बकाया राशि वसूल नही होने के चलते राज्य शासन द्वारा विगत सत्रह मार्च को आदेश जारी किया गया हैं।

**खास बातें**

- रजिस्ट्री के बाद वसूली की राशि विभाग के लिए चुनौती
- तीन बार नोटिस के बाद कुर्की की कार्यवाही का भी प्रावधान
- बकायादार के खसरे के साथ पिता, आधार और पैन कार्ड में लॉक

**जिला पंजीयक विभाग ने आरआरसी प्रकरणों में बरती कड़ाई**




### कुर्की का भी प्रावधान

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, आरआरसी राशि की वसूली के तहत तीन बार नोटिस जारी किया जाता हैं। इसके बाद भी राशि का भुगतान नही किए जाने पर कुर्की की कार्यवाही का प्रावधान है। कुर्की के लिए राज्य शासन द्वारा जिला पंजीयक को अधिकार भी दिए गए है। उन्होने बताया कि, पिछ्ले कई सालों से ऐसे बकायादारों ने राशि का भुगतान नही किया है। जानकारी अनुसार पिछले साल लंबे समय तक जिला पंजीयक कार्यालय में बकायादारों के नाम ब्लेक बोर्ड में सार्वजनिक भी किए गए थे।

### खसरे में दर्ज होगा बकायादार के नाम

किसी भी प्रापर्टी की रजिस्ट्री कराने के दौरान खरीदार जमीन, प्लॉट और मकान की कम स्टांप ड्यूटी जमा कर देते हैं। सब रजिस्ट्रार को ई-रजिस्ट्री दर्ज करनी पड़ती है। इसके बाद जमीन का एरिया और वहां की कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से राशि जोड़ी जाती है। इस आधार पर खरीदार को बकाया राशि जोड़कर नोटिस भेजा जाता है। इस मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयन के यहां सुनवाई होती है। सुनवाई के आधार पर तय राशि वसूली का काम शुरु किया जाता है। पंजीयन विभाग के वसूली नहीं करने पर केस संबंधित तहसीलदार को भेजकर वसूली और प्रापर्टी की कुर्की कराई जाती है।

### पिता के नाम, आधार, पैन भी लॉक

पूर्व बकायादारों के खसरे में शामिल सभी सह संपतिधारक के सभी नामों पर रोक लगाने से विवाद की स्थिति निर्मित होते रही हैं। जिसके चलते शासन ने सिस्टम में सिर्फ जमीन मालिक व उनके पिता के नाम, आधार व पैन नंबर भी सिस्टम में लाक किए जाएंगे। जिससे वे आधार व पैन का कार्य नही करा पाएंगे। ऐसा एनजीडीआरएस प्रणाली में किया गया है, ताकि उक्त किसी भी जानकारी की प्रविष्टि करने जाने पर बकायादारों की समस्त जानकारी प्राप्त हो सके। उस प्रतिबंध रकबे पर अगर पक्षकार लेनदेन करता हैं तो उसकी जानकारी सिस्टम में मिल जाएगी।

### ऐसे होती है धोखाधड़ी लोगों के साथ

शहरी क्षेत्र से लगी ज्यादातर जमीनें बिल्डर खरीदते हैं। यह बिल्डर कम स्टांप ड्यूटी जमाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण भी करा लेते हैं। प्रोजेक्ट का काम शुरु कर लोगों को रजिस्ट्री और नामांतरण के आधार पर प्लॉट और मकान बेच दिए जाते हैं। ऐसे में इस जमीन पर पंजीयन विभाग का बकाया बना रहता है। बाद में आरआरसी केस बनने के बाद लोगों को पता चलता है कि इस जमीन पर स्टांप ड्यूटी शुल्क बकाया है। ऐसा करने से नामांतरण होने के पहले ही खसरे में बकाया दर्ज कर दिया जाएगा, जिससे नामांतरण नहीं होगा और न ही बाद में रजिस्ट्री हो पाएगी।

# रिटायरमेंट कर्मी को निगम दे रही प्लेसमेंट में नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा नियम कायदों की धज्जियां उडाई जा रही हैं। निगम में नौकरी के बाद रिटायरमेंट कर्मियों को फिर से प्लेसमेंट के आड में नौकरी बांटा जा रहा है। ऐसे लोग

- स्वास्थ्य विभाग का कारनामा

रिटायरमेंट के बाद पेंशन भी ले रहे हैं, वही स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से सांठगांठ कर प्लेसमेंट के जरिए हर माह वेतन ले रहे है। जबकि पात्र हितग्राही निगम के चक्कर कांटकर थक गए हैं। प्लेसमेंट में भर्ती के लिए निगम के अधिकारियों द्वारा अवैध उगाही किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। हितग्राहियों से राशि लेकर उन्हें प्लेसमेंट में रखा जा रहा हैं। शिकायतकर्ता मिथलेस कुमार बारले ने इसकी कलेक्टर से लिखित शिकायत भी की थी। जिस पर कलेक्टर ने जांच के आदेश भी दिए थे। आवेदक की माने तो उनकी माता मंजू बारले पति राम कुमार बारले रूआबांधा बस्ती में रहते है। उनकी माता सफाई कर्मी थी।




### नहीं थम रही मनमानी

निगम प्रशासन द्वारा कम राजस्व होने के बाद भी प्लेसमेंट में मनमानी भर्ती कर रही है। सफाई कर्मी के नाम पर भर्ती कर ऐसे लोगों को आफिस में बाबू का काम दिया जा रहा है। जिसकी पूर्व में भी शिकायत हो चुकी है और सामान्य सभा में भी मामला उठा चुका है। पूर्व पार्षद मदन जैन ने भी इसकी शिकायत की थी। इसके बाद भी मनमानी थम नही रही हैं।

लेकिन 12 अक्टूबर 2024 को उनकी मृत्यु हो गई। ऐसे में घर की आर्थिक तंगी के चलते उनके बेटे मिथलेश कुमार बारले ने प्लेसमेंट पर रखने की मांग की है। लेकिन उन्हें वंचित कर दूसरे को रखा गया हैं। शिकायकर्ता अनुसार रामकुमार यादव जो भृत्य पद पर थे, उनके रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें प्लेसमेंट में रखा गया है। इसी तरह गौरीशंकर और राजू सिंह रिटारमेंट हैं और उन्हें पेंशन मिल रहा है। इसके बाद भी प्लेसमेंट में रखा गया है और उन्हें हर माह वेतन जारी किया जा रहा हैं।

### नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त से की शिकायत

**दुर्ग।** शहर में नगरनिगम के महापौर अल्का बाघमार सहित एमआईसी मेंबरों की विज्ञापन बोर्ड को लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने आयुक्त से शिकायत की हैं। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि, महापौर के साथ सभी एमआईसी मेंबरो की फोटो बोर्ड में लगी है। लेकिन वही नीचे में नगरनिगम दुर्ग लिखा गया हैं। ऐसे में उन्होने आयुक्त सुमीत अग्रवाल से मिलकर शिकायत की और पूछा हैं के किस अधिकार और अधिनियम के तहत नगरनिगम अपने खजाने से एमआईसी मेंटरों का प्रचार कर रही हैं। जिस पर आयुक्त ने कहा इसे हमने नही छपाया हैं।

## जनदर्शन में स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं

- जनदर्शन में आज 103 आवेदन प्राप्त हुए



समस्याओं से संबंधित आज 103 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान शांति कुंज रिसाली निवासी ने भू-स्वामित्व की जमीन से ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान में स्थानांतरित करने आवेदन दिया। ग्राम पंचायत धनोरा में स्थित जमीन पर सीएसईबी द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर एक तरफ से झुक गया है, जो कभी भी गिर सकता है, जिससे जनधन की हानि होने की संभावना है। एडीएम ने सीएसपीडीएल को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की। कई वर्षो से समिति द्वारा दुर्गोत्सव का आयोजन कर रही है। दुर्गोत्सव समिति मंच के सामने अंग्रेजी शराब दुकान खुले रहने से धार्मिक आस्थाओं को ठेस पंहुच रहा है। साथ ही दुर्ग रेलवे स्टेशन से आवागमन एवं यातायात हेतु आने जाने में आम जनता, व्यापारियों सहित महिला, पुरूषों तथा बच्चों को विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस पर एडीएम ने आबकारी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वार्ड 21 में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही तीसरे दिन भी जारी रहा। सिंधिया नगर, मुकुट नगर, हनुमान नगर सहित आसपास के करीब दर्जनों लोगों ने सड़क क्षेत्रों में घेरकर अपने घर के सामने चबूतरा, गार्डन, सीढ़ी व अन्य निर्माण कर लिया था। नगर निगम प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवाया। सैकड़ो क्षेत्र के रहवासियों ने इससे महापौर श्रीमती अलका बाघमार को अवगत कराया था। नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी निर्माण से सफाई में भी दिक्कत हो रही है। मामला संज्ञान में



आने के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम प्रशासन अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम के साथ पहुंचकर अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। बता दे कि निगम प्रशासन की सख्ती को देखते हुए कई कब्जाधारी अपनाअतिक्रमण स्वयं हटाने लगे।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि आवागमन को ध्यान में रखते हुए शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्रवाही शहर के सभी वार्डों एवं बाजार क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की चौड़ा होने के बावजूद उनमें दो कारें एक साथ नहीं निकल सकती। यदि कारें एक साथ निकलना चाहें तो अन्य वाहनों को रूकना पड़ता है। महापौर ने लोगों से अपील किया है कि समस्त कॉलोनी में जिन्होंने भी अतिक्रमण करके चौड़ी रोड को संकरी कर दिए है, वहीं नालियां ढकने से उनकी सफाई तक नहीं हो पा रही।

## शहीदी दिवस पर 55 लोगों ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** शहीदे आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में दुर्ग जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 55 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।दुर्ग गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथि ज्ञानी ओम वीर सिंघ, मनप्रीत सिंह भाटिया, मुकेश आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, अनिल सुराना, कवंलजीत सिंह, विनोद जैन, नैना



आढ़तिया सहित 55 लोगों ने रक्तदान किया। ज्ञानी ओम वीर सिंघ ने कहा हमारा इतिहास शहीदों का रहा है और वर्तमान दौर में युवाओं को देश एवं धर्म के लिए कुर्बान हुए शहीदों की जानकारी होना जरूरी है। ब्लड बैंक के संचालक डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ पियूष श्रीवास्तव, टीएस एंथोनी, तरुणा रावत, तीरथ यादव के मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ। सभी रक्तदानियों को नवदृष्टि फाउंडेशन के द्वारा प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया गया एवं सभी रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया।

### मैथिल ब्राह्मण महिला समाज ने मनाया होली मिलन

**भिलाई। मैथिल** ब्राह्मण महिला समाज भिलाई द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुडको में हर्षोल्लास और पारिवारिक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाओं के साथ सामाजिक समरसता और प्रेम का संदेश दिया। हास्य व्यंग्य की फुलझड़ियों के साथ प्रेरक और यादगार अनुभव भी साझा किए। समाज की पद्ममा झा के हुडको स्थित निवास पर खुशनुमा वातावरण में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में जुटे सभी लोगों ने रंगोत्सव की खुशियां शेयर कीं। एक दूसरे को गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। तीज त्योहार के सामाजिक समागम की इस परंपरा को निरंतर समृद्ध करने का आह्वान किया गया। नई पीढ़ी में संस्कार की खुशबू को सुवासित करने पर जोर दिया। महिलाओं ने होली के धार्मिक प्रसंगों के साथ जीवन और समाज जुड़े प्रेरक व हास्य व्यंग्य के रोचक किस्से भी सुनाए। मैत्रीभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाज की विद्या ठाकुर और आभार प्रदर्शन पद्मा झा ने किया।

## खुद को राष्ट्रीय प्रवक्ता बताने वाले भाजपा निष्कासित जय प्रकाश के विरूद्ध एसपी से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई भाजपा के जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने भिलाई के जय प्रकाश यादव के भाजपा में न होने की पुष्टि की है। इतना ही नहीं उन्होंने सोमवार को पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला को शिकायती पत्र

- एफआईआर दर्ज करने एसपी दुर्ग को सौंपा पत्र

सौंप कर खुद को भाजपा नेता प्रचारित कर जनता को गुमराह करने और पार्टी के लोगो का लेटरहेड सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दुरूपयोग करने वाले ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भिलाई भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने स्पष्ट किया कि जय प्रकाश यादव निवासी कोसा नगर भिलाई जिला दुर्ग के विधानसभा चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने व भाजपा के विरूद्ध काम करने के कारण 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। इस स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के पद व लोगो का प्रयोग करना



अवैधानिक है। जय प्रकाश यादव अपने आपको भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बता कर आम लोगों को भ्रमित कर अवैध वसूली करता है, बिना पद पर रहते हुए इस प्रकार का प्रचार-प्रसार करना अपराध की श्रेणी में आता है। अतः जय प्रकाश यादव के द्वारा उपयोग किये गये पद की जांच कर गलत पाये जाने पर उचित कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज करने उन्होंने एसपी दुर्ग को पत्र सौंपा है। एसपी से की गई शिकायत की प्रति जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिला प्रभारी संदीप शर्मा को भी दी गई है। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष के साथ महामंत्री बिजेंद्र सिंह और योगेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

**खाद्य नियंत्रक ने की जांच, संग्रहण केंद्र के मजदूरों का लिया गया बयान**

# धान में मिट्टी मिलाने के मामले में जांच पूरी, सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलाए जाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारियों की टीम ने स्थल पर पहुंचकर मौके पर मौजूद सारे जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों का बयान लिया है। बयान में धान मे मिट्टी मिलाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई है। खबर है कि खाद्य विभाग ने जांच रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को सौंप दी है। हालांकि कलेक्टर ने रिपोर्ट का अवलोकन नहीं किया है। उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट के अवलोकन के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है।

### दोषियों पर लटक रही तलवार

जानकारी के मुताबिक संग्रहण केंद्र के प्रभारी कन्नौजे सहित अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। संग्रहण केंद्र की पूरी जिम्मेदारी जिला विपण की है। आसपास के जिलों का धान यहां डंप है। लगभग 4 लाख टन धान इस केंद्र में डंप है, जिसे अलग-अलग जिलों से खरीदी के बाद परिवहन कर कोड़िया में लाया गया है। दुर्ग जिले में हुई खरीदी का भी धान इस केंद्र में डंप है। इसे आगामी दिनों में मिलर्स को जारी किया जाना था, जिसे मिलिंग कर एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराया जाना था। संग्रहण केंद्र में लाए गए धान की बोरियों को खोलकर ढेर लगाकर धान में मिट्टी मिलाई जा रही थी।

हरिभूमि फॉलोअप


हरिभूमि
चार केंद्रों में 20 लाख टन धान डंप, कोड़िया में नीलामी से पहले मिलाई जा रही थी मिट्टी, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो, अब जांच

### जांच हुई पूरी



संग्रहण केंद्र के कर्मियों का बयान लिया गया है। जांच पूरी कर ली गई है। अवलोकन के बाद जो भी दोषी पाया जाता है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### सौंपी गई रिपोर्ट

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में जांच की है। उन्होंने संग्रहण केंद्र में मौजूद सारे कर्मियों का बयान लिया है। वायरल वीडियो का भी परीक्षण किया है। रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

**भौमिक बघेल**, डीएमओ

### 6 संग्रहण केंद्रों में 23.68 लाख मीट्रिक टन धान डंप

अधिकारियों ने बताया कि इस बार जिले में छह संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कोड़िया, जेवरा, सेलूद, अरसनारा, बासीन और करेंजा भिलाई शामिल हैं। यहां करीब 23.68 लाख मीट्रिक टन धान डंप है। यह धान दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों से लाया गया है। इन संग्रहण केंद्र से मिलर्स को मिलिंग के लिए धान जारी किया जाना है। जहां धान की हेर-फेर की आशंका बढ़ गई है। इधर दुर्ग जिले में कुल 5.76 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इसमें 5.18 लाख मीट्रिक टन धान मिलर्स को जारी किया चुका है। 102 केंद्रों में 106624 किसानों से धान खरीदी गया है। मिलर्स को जितना धान जारी किया गया है, उनमें से नागरिक आपूर्ति निगम में 70866 टन और एफसीआई में 45958 टन चावल जमा हुआ है।

बता दें कि दुर्ग जिले के कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में पांच दिन पहले अनोखा घोटाला सामने आया था। हरिभूमि ने इस पूरे मामले में खुलासा किया था। कोड़िया संग्रहण केंद्र में वजन बढ़ाने के लिए मिट्टी मिलाई जा रही थी। मौके पर नियमित रूप से मिट्टी से भरे हाइवा पहुंच रहे थे। इसका स्थानीय कर्मचारियों ने वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ था। जब संग्रहण केंद्र के अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मिट्टी पौधे लगाने के लिए मंगाई गई है, लेकिन वहां एक भी पौधा नहीं दिखा। मार्कफेड के अधिकारी भी चुप्पी साधे रहे। बाद में कलेक्टर के निर्देश पर इस पूरे मामले में जांच शुरू हुई।

## महिला इंजीनियर के साथ लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** महिला इंजीनियर की बेटी के गले में चाकू टिकाकर लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मरोदा सेक्टर निवासी इंजीनियर सुमन साहू अपने बेटियों के साथ आत्मानंद गार्डन से घूमकर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान एक्टिवा सवार चाकू निकालकर महिला इंजीनियर के गले में चाकू अडाकर लूटपाट कर फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाकर खोजबीन शुरु किया गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला कई



लोगों से पूछताछ भी गई। जेल से रिहा हुए आरोपियों से भी पूछताछ करने के बाद मुखबिर से पतासाजी किया गया। जिसमें कैमरे में एक संदेही के हुलिये के आधार पर मिलती-जुलती एक्टिवा की खोजबीन की गई। घेराबंदी कर प्रगति नगर सड़क 8 रिसाली निवासी अर्पित साहू को पकड़ा गया। युवक से पूछताछ करने पर लूटपाट करना स्वीकार किया।

## खबर संक्षेप

### जयंती पर निकली शोभायात्रा

**गठुला।** साहू बाहुल्य ग्राम गठुला में धूमधाम भक्त माता कर्मा जयंती मनाया गया। मंगलवार को जयंती के अवसर पर साहू समाज ने भव्य शोभायात्रा एवं महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। शोभायात्रा मे समाज के हर वर्ग के बच्चों, युवा और बुजुर्ग उत्साह के साथ शामिल हुए। साहू समाज ने रामायण पाठ का आयोजन भी रखा था।

### नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू

**सड़क अतरिया।** चोपड़ाधाम स्थिति दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर समिति आवश्यक समिति में जुटी है। यहां प्राचीन समय से श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है। पर्व को लेकर जय डोंगेश्वर समिति की बैठक आहूत कर रूपरेखा बनाया गया है। आगामी रविवार को घट स्थापना, 2 अप्रैल को पंचमी तथा 5 अप्रैल को महाष्टमी मनाया जाएगा। इसी प्रकार पैलीमेटा स्थित रास पहाड़ी में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। साल्हेवारा घाट पर स्थित बंजारी माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है।

### प्रतिमा अनावरण 27 को

**डोंगरगढ़।** ग्राम कातलवाही में रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा अनावरण एवं बलिदान दिवस समारोह का आयोजन 27 मार्च को किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी होंगे। अध्यक्षता जिला लोधी समाज के अध्यक्ष उत्तमचंद जंघेल करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे शोभायात्रा से होगा। तत्पश्चात प्रतिमा अनावरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में लोधी समाज के मुकुंद वर्मा, सुमन वर्मा, गोविंद वर्मा, देवनाथ वर्मा एवं ग्रामवासी जुटे हैं।

### बोर्ड का अंतिम पेपर आज

**सड़क अतरिया।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कल बुधवार को पूर्ण हो जाएगी। कल बारहवीं के छात्र इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर तथा एग्रीकल्चर संकाय के परीक्षार्थी अंतिम पेपर दिलाएंगे। दसवी के सभी पेपर पूर्ण हो चुके हैं। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में कक्षा बारहवीं में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए। दसवी में अतरिया, संड़ी एवं घिरघोली हाईस्कूल के 164 परीक्षार्थी शामिल हुए। केन्द्राध्यक्ष नारायण कामड़े थे।

### क्षय रोग का परीक्षण

**डोंगरगढ़।** एसबीआई संजीवनी क्लिनिक, शिखर युवा मंच ने ग्राम मोहनपुर में क्षय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि एसबीआई संजीवनी क्लिनिक अनुबंध के अनुसार गाँवों में एम्बुलेंस ही सारी सुविधाएं देकर लोगों का इलाज कर रही है जिसका लोगो को अच्छा फायदा मिल रहा है। छोटे छोटे गांवो चलित हॉस्पिटल में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट किया जा रहा है जो वनांचल के लिए वरदान है।

### चतुर्भुज मंदिर में 27 को तेरस मेला उत्सव

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत कटंगी स्थित चतुर्भुज मंदिर में आगामी 27 मार्च को तेरस मेला उत्सव का आयोजन किया गया है। चतुर्भुज नवयुवक मंडल समिति द्वारा आयोजित यह मेला सुबह 10 से शाम 7 बजे तक चलेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार कई साल पहले खुदाई के दौरान यहां भगवान गणेश की चतुर्भुज मूर्ति और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां मिली थीं।

### निधन

### गोवर्धन लाल साहू

**बालोद।** प्रेस क्लब गुण्डरदेही अध्यक्ष एवं हरिभूमि गुण्डरदेही प्रतिनिधि भानु साहू के पिताजी गोवर्धन लाल साहू 73 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में नगर पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष प्रमोद जैन के साथ स्थानीय एवं जिले के पत्रकार व भाजपा व कांग्रेस के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

जयंती : ग्राम कुथरेल में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री

# माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलें, शिक्षा और जागरुकता को बढ़ावा दें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती ग्राम कुथरेल में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए, हमें व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने चाहिए। शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए और सामाजिक सुधार आंदोलनों का समर्थन करना चाहिए। समाज के पूर्व अध्यक्षों से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने में प्रयास करना चाहिए।

श्री साहू ने कहा कि हम सब को माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। जिस प्रकार त्याग को अपनाया, उसी प्रकार समाज के तत्वाधान में हमें भी मां कर्मा माता की तरह आने वाली प्रत्येक त्याग को अपनाकर आगे बढ़ना है। समाज के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की बात कही। समाज के पदाधिकारी रहने पर उन्हें पद का दुरुपयोग और अहम में ना रहे आप जितने ज्यादा झुकेंगे, उतने ही ज्यादा लोगों को जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का मतलब है जोड़ना। जितने लोगों को आप जोड़ेंगे, उतना ही आपका कद ऊंचा होगा और समाज मजबूत होगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, डॉ. भारती साहू प्रदेश महिला संयोजिका रायपुर, टीकाराम साहू, लक्ष्मी साहू, छन्नूलाल साहू, धनेश साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### रेंगाडबरी में मां कर्मा की पूजा कर लिया आशीर्वाद



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में मंगलवार को ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई।नेमन साहू रेंगाडबरी ने बताया कि साहू समाज द्वारा साहू भवन के पास ध्वजारोहण कर भक्त कर्मा माता की पूजा अर्चना कर खिचड़ी, नारियल, मूंगफली इलायची दाना का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के बुजुर्ग एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भाठागांव आर में धूमधाम से मनाई भक्त माता कर्मा जयंती



**गुण्डरदेही।** भाठागांव आर में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बालोद लेख राम साहू थे। कार्यक्रम में सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, सदस्य जनपद पंचायत गुंडरदेही कौशल किशोर साहू, सरपंच भाटागांव आर रूपेश्वर यादव, संजय साहू, केके साहू, सुशील साहू, जेआर साहू, वैजयंती साहू, शशिकला साहू, स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नाहंदा में साहू समाज ने निकाली कलश यात्रा



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अन्तर्गत नाहंदा में ग्राम स्तरीय साहू समाज द्वारा माता कर्मा जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कलश शोभायात्रा निकाल कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में साहू समाज उपाध्यक्ष किशोरी साहू, नरेन्द्र हिरवानी, जनपद सदस्य टुमन साहू, सरपंच रुपेश सिन्हा, रमेश सोनवानी, पटेल किशोर कालुतोष साहू, हितेश साहू, उपसरपंच दुरपति बाई साहू, सोसाइटी अध्यक्ष मोहित साहू, पूर्व जनपद सदस्य जानकी बाई व समाज की महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सामाजिक बंधुओं ने साहू समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक-दूसरे से भाईचारा के साथ रहकर, एक सूत्र में रहने की अपील की। इस अवसर पर अपने समाज के खानपान को सही रखने व अपने परिवार के बच्चों को सुबह-शाम देवी-देवताओं की पूजा करवाने का आग्रह किया, ताकि बच्चे संस्कारवान बनें तथा अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करें।



---

करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन का खुलासा

# महादेव सट्टे का पैसा इंटीरियर डिजाइन, मॉल और मार्ट में लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टे की काली कमाई को सफेद करने का खेल बेखौफ तरीके से जारी है। कारोबारी इंटीरियर डिजाइन, मॉल में शॉप और मार्ट को खोलकर रुपए को सफेद किया जा रहा है। इनमें से इंटीरियर डिजाइन का शॉप चलाने वाला जिले में चल रहे महादेव सट्टे का बड़ा कारोबारी है।

उसे भिलाई का सौरभ चंद्राकर कहना गलत नहीं होगा। इसके खिलाफ पुलिस थानों में अपराध भी कायम है। लेकिन पुलिस इसे अब तक नहीं पकड़ पाई है। आईपीएल मैच शुरु होते ही महादेव के पैनालिस्टों के पौ बारह हो गए है। कारोबारी भी जिले में अपना कारोबार बेखौफ तरीके से चला रहा है। इसके अलावा काली कमाई से एक ने तो बकायदा सड़क किनारे मार्ट खोलकर रकम का पूरी तरह से बदलने का प्रयास कर रहा है। वहीं तीसरा युवक शहर के मॉल में अपना शॉप किराए में लेकर कारोबार कर रहा है। इससे पुलिस को इनके ऊपर संदेह तक नहीं होगा बल्कि कारोबारी के रुप से शहर में अपने पांव जमाने में लगे है। इंटीरियर डिजाइन वाला तो निकाय चुनाव में ढ़ाई करोड़ खर्च कर सुर्खियों में आ गया है। इस तरह भिलाई- दुर्ग के सटोरियों महादेव सट्टे की काली कमाई को सफेद करने में लगे हुए है। जानकारी मिली है कि पांच साल पहले धर्मेन्द्र जायसवाल कगजों में सट्टापट्टी लिखा करता था। मगर महादेव सट्टे के प्रमोटरों के संपर्क में आने के बाद सौरभ चंद्राकर के इशारे पर सारा काम यहां का धर्मेन्द्र जायसवाल ही संभाल रहा है।

### फरारी में शहर में घूमता रहा

सूत्रों ने बताया कि जामुल थाना का अपराध 140/22 मामले में पुलिस ने चेतन जोशी को गिरफ्तार किया।उसके बयान के आधार पर पुलिस ने 15 लोगों को खिलाफ अपराध कायम किया था। इसमें धर्मेन्द्र जायवाल का नाम है।लेकिन पुलिस ने धारा 173 (8) के तहत न्यायालय में चालान पेश कर चूकी है। बावजूद पुलिस धर्मेन्द्र जायसवाल को फरार बता रही है। धर्मेन्द्र जायसवाल ने अपने दोस्त को हाल ही में एक थार वाहन भी गिफ्ट में देने की चर्चा बनी हुई है। इसका पीछला रिकार्ड खंगाला जाए तो बहुच ही खराब रहा है। मगर महादेव सट्टे के कारोबार में कूदने के बाद आज के दौर में प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का राइट हैंड होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### पुणे, हैदराबाद, दिल्ली ठिकाना

खबरों के मुताबिक शहर के युवक जतिन, टिल्लू, सुमित पिल्ले, संतोष चौहान लंबे अर्से से जिले से गायब है। आईपीएल मैच के शुरु होते ही अपना कारोबार पुणे, हैदराबाद, दिल्ली, बंगलौर में पैनल चला रहें है। इनका आका भिलाई में बैठकर लाइनअप करता है। इसमें से टिल्लू, सुमित पिल्ले को गुवाहटी पुलिस ने दबिश देकर इसके गैंग का पर्दफाश भी कर चुकी है। इनके पास से कई बैंक खाते, एटीएम, चेक समेत कई ऑनलाइन सट्टे से जुड़े सामान भी जब्त किया है। पुलिस ने अब तक उक्त युवकों को नहीं खंगाल पाई है।

## नपा अध्यक्ष ने हैंडपंपों का किया निरीक्षण

**डोंगरगढ़।** लोगों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने के लिए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ सीके शर्मा और पालिका कर्मचारियों की टीम ने विभिन्न वार्डों में खराब व बंद बोर का निरीक्षण कर शुरू करने की संभावना का जायजा लिया। आगामी 30 मार्च से नवरात्रि और गर्मी को ध्यान में रखकर बंद बोर की मरम्मत कराकर दुरूस्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

---

# ग्राम अंगारी में सिन्हा समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

## समाज के मेधावी बच्चों व जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम अंगारी में सिन्हा समाज के तहसील मंडल बालोद द्वारा होली मिलन एवं नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चमन लाल सिन्हा थे। विशेष अतिथि जिला महामंत्री चंद्रहास सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष हरदेव लाल सिन्हा, बैठक की अध्यक्षता मंडलेश्वर दिनेश सिन्हा ने की।

मंडलेश्वर गुंडरदेही मिलन सिन्हा, अर्जुन्दा मंडलेश्वर रोशन सिन्हा, लोहारा मंडलेश्वर डॉ. कंवल , गरियाबंद मंडलेश्वर गैन्द लाल सिन्हा व गरियाबंद परिक्षेत्र पदाधिकारी, तहसील मंडल बालोद के क्षेत्रधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य ग्राम प्रमुख एवं समस्त ग्राम से स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। सबसे पहले मां बहादुर कलारीन, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना, सरपंच ग्राम पंचायत अंगारी ममता डड़सेना, सरपंच ग्राम पंचायत बरही कोमिन सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत कन्नेवाड़ा लता सिन्हा, एवं ग्राम पंचायत के उप सरपंच व वार्ड पंच का सम्मान तहसील मंडल बालोद द्वारा किया गया, अतिथियों ने समाज के नाम आशीष वचन एवं समाज की गतिविधियों पर अपनी बातें रखी।अध्यक्षता कर रहे मंडलेश्वर दिनेश सिन्हा ने समाज के एकता व अखंडता पर जोर देते हुए इसी तरह राजनीतिक क्षेत्र में भी समाज की परचम लहराने की बात कही, जिला अध्यक्ष चमन सिन्हा ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि जो जिम्मेदारी आप सब पर है उसे बखूबी निभाने पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यों का संपादन करें।

### नगाड़े की धुन पर फाग गाते हुए खेली गई फूलों की होली

जिला मंत्री चंद्रहास सिन्हा समाज में चल रही गतिविधियों पर एवं समाज के नियम पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। जिला कोषाध्यक्ष हरदेव लाल सिन्हा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में हमेशा एकरूपता बनी रहती है और युवा साथियों को भी आगे आने का सुंदर सा मौका मिलता है, जिससे समाज में मजबूती बनी रहती है, तहसील कोषाध्यक्ष दिनदयाल सिन्हा ने आय-व्यय की जानकारी दी। कार्यक्रम में अंगारी की छोटी–छोटी बेटियों ने स्वागत गीत, होली गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। नगाड़े की धुन पर तहसील युवा मंच के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सिन्हा ने होली गीत गाकर सभी को नचाया व फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम का संचालन जिला कोष निरीक्षक घनश्याम सिन्हा, व सचिव तहसील मंडल बालोद दानेश्वर सिन्हा ने किया, कार्यक्रम में अंगारी ग्राम के ग्राम प्रमुख हेमन्त सिन्हा, क्षेत्राधिकारी संतोष सिन्हा व समस्त सिन्हा समाज अंगारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन हेमंत सिन्हा ग्राम प्रमुख अंगारी ने किया।

---

# सशिमं खर्रा में कक्षा अष्टम के भैया-बहनों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में कक्षा अष्टम के भैया बहिनों के लिए बिदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य फलदेव साहू थे, अध्यक्षता आचार्य सुखीत राम कलिहारी ने की। विशेष अतिथि के क्रम में आचार्य परिवार के कामता प्रसाद साहू, मनोहर कुमार साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, रंजना सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल छबिलता पटेल उपस्थित थे। शुभारंभ अवसर पर भारत माता, सरस्वती माता एवं प्रणव अक्षर ओम का सभी अतिथि गणों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर पूजन किया गया।

प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने शिक्षा के साथ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य सुखीत राम कलिहारी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से जो ज्ञान प्राप्त किया उसे जीवन में चरितार्थ करें तो आप लोगों का जीवन उज्ज्वल होगा। अपने माता–पिता, आचार्यों का सम्मान करें। विद्यालय परिवार द्वारा कक्षा अष्टम के भैया बहिनों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हिमांशी ठाकुर, रेशमा निषाद, भावना टंडन, वेदिका साहू, वरुण साहू, दीपांशु साहू, तीरथ पटेल, सूर्यभान पटेल, तुषार, कपूर, बारले एवं शिशु एवं बाल भारती के पदाधिकारी एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

---

# जमीन बंटवारे को लेकर चला टंगिया, तीन हैं गंभीर हालत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

परिवार के जमीन बंटवारे को लेकर जमकर चला लाठी, टंगिया चलने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आशीष चौहान की शिकायत पर धारा 115(2),118(1),3(5), 351(3) बीएनएस और जितेन्द्र की ओर से धारा 115(2),118(1),3(5), 324(2), 351(2) बीएनएस के तहत दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई किया है। दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि अदालत लकड़ी मिल के मालिकों अदालत चौहान के 4 बेटे नरेश चौहान, कैलाश चौहान, संजय चौहान, गणेश चौहान हैं। अपने जिंदा रहते अदालत ने चारों बेटों को संयुक्त परिवार में रखा और संपत्ति को बांटने नहीं दिया। जब उनका अंतिम समय आया तो उन्होंने चारों बेटों को बुलाकर उनकी संपत्ति को आपस में बराबर बराबर हिस्सेमें बांटने को कहा था। अदालत चौहान की मौत के बाद चारों बेटों में संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया। गणेश चौहान के बेटे जितेंद्र चौहान के मुताबिक उनके बीच यह विवाद 15 सालों से चला आ रहा है। उसके पिता के तीन भाई नरेश, कैलाश, संजय चौहान मिलकर उसके पिता को संपत्ति का हिस्सा नहीं देना चाहते हैं।जितेंद्र ने बताया कि गणेश और तीन अन्य भाइयों के बीच इसी को लेकर विवाद चला आ रहा है। मामला न्यायालय तक पहुंच गया और गणेश चौहान को हिस्सा देने के लिए न्यायालय ने भी आदेश दे दिया। लेकिन उसके चाचा उन्हें हिस्सा नहीं दे रहे हैं। इसे लेकर उनके बीच कई बार विवाद मारपीट तक हो चुका है। वहीं दूसरे पक्ष से आशीष चौहान के मुताबिक वो अपने पिता की रजिस्ट्री जमीन पर लकड़ी का व्यवसाय करते हैं। गणेश चौहान उस पर कब्जा जमा रहा है। ये मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। रात में गणेश चौहान लकड़ी लेकर आया और उनकी जमीन पर रख दिया। जब उसने लकड़ी हटाने के लिए कहा तो उसी बात को लेकर हमला कर दिया।



---

## पेज 9 के शेष

### नहर से सीधे पानी लेकर ...

के कुछ किसान अपनी धान फसल बचाने व फसल पकाने के लिए गुपचुप तरीके से जल संसाधन व बिजली विभाग की आंखों में धूल झोंककर मोटरपंप लगाकर सीधे अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। तान्दुला मुख्य नहर व सहायक नहर क्षेत्र में जाने से नहर के सिंचाई पानी की चोरी होने का खुलासा विभाग को हो जाएगा। इस सम्बन्ध में हरिभूमि ने 23 मार्च क़ो खबर प्रकाशन कर सम्बंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कराया था। खबर प्रकाशन के दूसरे दिन मंगलवार क़ो जेई चंद्रकुमार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस दौरान बिजली चोरी कर मोटर पंप से पानी की सिंचाई कर रहे 4 किसानों के मोटर पंप जब्त किए गए। जेई श्री बघेल ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि, अवैध रूप से कनेक्शन लेकर नहरों से पानी न लें।

### तेज रफ्तार ट्रक की ...

घर में घुस गया। इस दौरान घर के पास मौजूद किसान अंजू राम जख्मी हो गया। काफी अंदरूनी और गंभीर चोट आने से गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। ग्रामीणों ने बताया कि संजीवनी 108 में फोन के बाद बहुत देर तक इंतजार किया, लेकिन उसके आने में देरी के कारण किसान को निजी वाहन से गुंडरदेही हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### निर्माणाधीन मकान में ...

तड़पने लगा। यह देख मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बांस के सहारे खंभे से तार को अलग किया। इसके बाद उसे निजी वाहन से धमतरी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं नए घर में प्रवेश हो भी नह पाया और इतनी बड़ी घटना हो जाने से पूरा परिवार गमगीन है।

### सड़क दुर्घटनाएं रोकने ...

एसआर भगत, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम गुरूर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में श्री चन्द्रवाल ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि नशापान कर एवं तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के विरूद्ध एवं लापरवाही पूर्वक तथा नशापान कर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही अभियान चलाकर बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए बिना वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें, किसी भी प्रकार से ढिलाई न बरतें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को ओव्हर लोडिंग वाहनों पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने गुड सेमेरिटन से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करने तथा इस अभियान में सिविल सोसाईटी के लोगों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। श्री चन्द्रवाल ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नगरीय निकायों में सड़क के किनारे विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों को सड़क से हटाने तथा सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगने वाली दुकानों को हटवाने तथा नो पार्किंग जोन निर्धारण करने को कहा। वहीं, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही उन्होंने 108 वाहनों को 24 घण्टे मुस्तैद रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जिला में भी उपलब्ध कराएं पासपोर्ट बनाने की सुविधा



**गुरूर।** जिला में भी पासपोर्ट बनाने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग समाजसेवी जयंत किरी ने की है। जयंत किरी ने कहा कि वर्तमान में जिले के लोगों को पासपोर्ट बनाने के लिए रायपुर एवं राजनादगांव का चक्कर लगाना पड़ता है। जयंत किरी ने कहा कि जिले में अनेक लोगों को विभिन्न कारणों से पासपोर्ट की आवश्यकता रहती है। लेकिन, उन्हें राजनांदगांव, रायपुर जाने-आने में समय व धन दोनों का नुकसान होता है। जिले के पोस्ट ऑफिस में ही पासपोर्ट बनाए जाने से कम समय तथा कम व्यय में सुविधाजनक पासपोर्ट बन जाएगा। जयंत किरी ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के प्रति जागरुकता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों के भी बच्चे विदेशों में पढ़ने जाने लगे हैं। यदि बालोद में ही पासपोर्ट बनाने की सुविधा होगी तो सबसे अधिक लाभ जिले के छात्रों को होगा।

### धारदार हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सड़क 7 पार्क के सामने सेक्टर 4 भिलाई में आने जाने वालो को धारदार हथियार लेकर क्वाटर नंबर 12 डी सड़क 5 सेक्टर 4 निवासी लक्खा सिंह उर्प लक्खा को पकड़ा गया है। आरोपी पिस्टल नुमा गन रखकर लोगों को धमका रहा था। आरोपी अपने कार के डिक्की में लोहे की धारदार हथियार तलवार को लहरा रहा था। सेक्टर 4 में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। कार सीजी 04 एमए 8001 के भी जब्त किया है। मिले अवैध हथियार को लेकर आरोपी के पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिला। आरोपी से 2 लोहे की तलवार, एक पिस्टलनुमा गन जब्त किया।

### पूर्व सीएम के खेत में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खेत में लगे बोर पंप की केबल वायर को काटकर चोरी कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में केबल वायर जब्त किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पाचन निवासी मोहन लाल जांगड़ेपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खेतों में काम करता है। उसने सिकोला खार के खेत में पानी देने के लिए पाइप को बिछाकर बोर लगाया था। इसके लिए उसने केबल वायर काफी लंबी लगाई थी। 30-31 जनवरी की रात अज्ञात चोर ने केबल वायर के साथ ही सब्बल और ड्रम चोरी कर पार किया था। शिका.त के बाद पुलिस आरोपियों की खोज में जुटी रही। रविवार 22 मार्च को गश्त के दौरान ग्राम रूही में बाइक 04 पीएल 4279 का चालक संदिग्ध रूप से दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक को रोका और उसकी तलाशी ली गई तो उसमें डिक्की के भीतर हथौड़ी, पेचकस, आरी पत्ती मिला। संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम मनोहर मारकंडे होना बताया है। आरोपी थाना अमलेश्वर और पाटन के कई गांव में केबल वायर की चोरी करता रहा है।

### चोरी की तीन बाइक आरोपी से बरामद

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बाइक सीजी 07 बीएफ 5782, सीजी 07 एलजेड 0547 , सीजी 07 बीएक्स 8760,सीजी 07 बीटी 2378 वाहन चोरी की शिकायत पुलिस में हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एसीसीयू की टीम ने भाठापारा रुआबांधा निवासी पुरुषोत्तम यादव उर्फ पुरण यादव को पकड़ा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## जयंती

**भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम**

# साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा माता कर्मा की पूजा कर लिया आशीर्वाद







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर ग्राम गातापार में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आसंदी कार्यकारी अध्यक्ष तहसील पाटन लालेश्वर साहू थे, अध्यक्षता परिक्षेत्रीय अध्यक्ष बिलहारी टेशराम साहू ने की। वहीं, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जयंती साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अजय साहू जनपद सदस्य पाटन, विमल साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी, रेवाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत गातापार, होरीलाल साहू पूर्व सरपंच ग्गातापार, दिलीप साहू उपसरपंच गातापार मंचासिन रहे। युवराज नोमेश, पवन कौशिल्या, गितेश्वरी, टामेश्वरी, संतोषी ने अतिथियों का स्वागत किया। मेधावी बच्चों का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लालेश्वर साहू ने कहा कि माता कर्मा के बताए रास्ते पर चलकर जीवन को सार्थक बनाएं। जीवन में सुख-दुख सब आयेंगे, संभलकर चलने की कला माता कर्मा की जीवनी में देख सकते हैं। उनसे प्रेरणा पाकर जीवन को मंजिल दे सकते हैं। अहंकार से परे धैर्य के साथ जीवन को उत्कृष्ट बनाने की कला माता कर्मा ने सिखाई। जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने कहा कि माता कर्मा ने जो संस्कार दिए हैं, उन्हें जीवन में उतार कर जीवन को अच्छा जी सकते हैं। भाईचारा के साथ जीते हुए घर परिवार समाज का भला कर सकते हैं। जयंती साहू ने कहा कि माता कर्मा हमारी आराध्य हैं, उनकी आराधना से भक्तों को दिशा मिलती है। माता के बताए दिशा पर चलें, तो दशा सुधरती है। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। स्थानीय अध्यक्ष गजेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू, सचिव अरुण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष धनाराम साहू एवं बुधन साहू, पुनु राम साहू, दिलीप साहू, गोपेश्वर साहू, विश्राम साहू एवं त्रिवेणी साहू, गायत्री साहू, सुनीता साहू, भलेश्वरी साहू, वामीन साहू, लता साहू की टीम ने आयोजन की सफलता में सराहनीय भूमिका निभाई। सरपंच रेवाराम साहू ने कहा कि माता कर्मा ने भक्तों का भला चाहा, भक्त भी उनकी संदेश को आत्मसात करे तो भला होना तय मानिए। स्थानीय साहू समाज अध्यक्ष गजेंद्र साहू और उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू की युवा टीम की लगन मेहनत सुव्यवस्था की तारीफ करते हुए अतिथियों ने कहा कि युवा टीम का कार्य कंठ मुक्त सराहनीय है। टीकाराम साहू, रूपेश कुमार साहू एवं नित्यानंद साहू व पवन साहू, चरण साहू, गजेंद्र साहू, अश्वनी साहू, नरेंद्र साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

- ग्राम गातापार में निकाली गई शोभायात्रा, बुजुर्गों व प्रतिभाओं का किया गया सम्मान



## ग्राम दरगाहन में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती



**गुरुर।** ग्राम पंचायत दरगाहन में धूमधाम से मां कर्मा जयंती मनाई गई। मंगलवार को साहू समाज की ओर से दरगाहन में स्थित मां कर्मा भवन प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ प्रांगण में लगने लगी थी। तैलीय समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। उसके बाद दोपहर कलश यात्रा निकाली गई। बाद में मां कर्मा की महाआरती की गई। प्रसाद के रूप में खिचड़ी व फल वितरण किया गया। मान्यता है कि भक्त माता कर्मा ने भगवान श्री कृष्ण को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाई थी, इसलिए खिचड़ी प्रसाद विशेष रूप से वितरित किया जाता है। कार्यक्रम में तुकाराम साहू, नारायण साहू, गजेंद्र साहू, हमिद साहू, मोहन साहू, कबिलास सहित समाज के सभी पदाधिकारियों के साथ ही विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री जयंत साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## तहसील साहू सदन गुरूर में की गई कर्मा माता की महाआरती



**गुरूर।** प्रदेश साहू संघ छग के नेतृत्व पर तहसील साहू सदन गुरूर में मां कर्मा माता की जयंती के अवसर पर महाआरती कर खिचड़ी का भोग लगाकर धूमधाम से जयंती मनाई। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष महेन्द्र साहू कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उनका आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है। कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू ने कहा कि माता कर्मा का आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। माता कर्मा के आदर्श हमें समाज में करुणा, समानता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री छग हलधर साहू, जिला उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, उपाध्यक्ष आत्मा राम साहू, संयोजक न्यायप्रकोष्ठ लिखेशवर साहू, सचिव न्यायप्रकोष्ठ योगेश साहू, संगठन मंत्री बिसे लाल साहू, संयोजक अधिकारी-कर्मचारी सूरज गोपाल साहू, मीडिया प्रभारी सूर्यकांत साहू समाजसेवक जागेशवर साहू सहित स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

## खबरी (ब) में निकाली गई शोभायात्रा

**बालोद।** ग्राम पंचायत खबरी (ब) में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर कर ग्रामीण एवं समाज के लोगों ने बुजुर्ग व्यक्तियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जागनाथ, विधाता, माकुदराम, आश्विन, चुरामन, खोमन, भावसिह, कमलनारायण, चोवा दीनदयाल, किरण, अजय, पियारेलाल, दूजराम, लोकेंद्र, बबलू, छन्नू, जाग्रति, कालिंदी बाई, हेम कुमारी उपस्थित थे।



## ग्राम मटिया-अर्जुंदा में श्रद्धा के साथ मनाई गई मां कर्मा जयंती

**अंडा।** भक्त माता कर्मा जयंती ग्राम मटिया अर्जुंदा में भव्य रूप से मनाई गई। सबसे पहले शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य धारा पंकज चौधरी, तहसील साहू संघ अध्यक्ष उमाशंकर साहू, सचिव विनय साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक वामन साहू सहित ग्रामीण के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू ने माता कर्मा से में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि साहू समाज हर व्यक्ति शिक्षित और जागरूक समाज है। पार पांगर से प्रदेश तक सामाजिक संगठन की संरचना समर्पण में शक्ति और मेहनत प्रतिभा से समाज ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

जनपद सदस्य धारा पंकज चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी है। साहू समाज सामूहिक आदर्श विवाह की शुरुआत सर्व समाज के लिए प्रेरणा बनकर शासन ने भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू की। ऐसे कार्यक्रमों से समाज को प्रेरणा और नयी दिशा मिलती है। समाज की कुल देवी भक्त माता कर्मा की जीवनी पर आधारित पत्रिका के साथ बेटी बेटों के परिचय ने भी कई परिवारों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है।



## माता कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा





**बालोद।** प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर मंगलवार को जिले के प्रत्येक तैलिक (साहू) समाज द्वारा श्रद्धाभाव के साथ भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। जिला मुख्यालय के प्रत्येक वार्डों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रें में तैलिक समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर भव्य रूप से एक प्रकार के ही वस्त्रें में कलश शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के साथ अनेक स्थानों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संध्या समाज के प्रत्येक परिवारों ने अपने-अपने घरों में भक्त माता कर्मा के नाम दीप प्रज्वलित कर माता कर्मा के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। साहू समाज की मांग पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भक्त माता कर्मा के नाम डाक टिकट जारी किए जाने की घोषणा की गई थी, जिसे केन्द्र सरकार द्वारा मां कर्मा जयंती के अवसर पर आज जारी किया गया। इसकी सराहना करते हुए समाज प्रमुखों ने कहा मां कर्मा के नाम पर विशेष डाक टिकट जारी होने से न केवल साहू समाज की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय पहचान मिली है, साथ ही यह समाज की एकजुटता और योगदान को प्रदर्शित करती है। यह सम्मान पूरे साहू समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## ग्राम कसही में मनाई गई कर्मा माता जयंती



**डौंडीलोहारा।** मंगलवार को ग्राम कसही में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, अति विशिष्ट अतिथि डोमेन्द्र सिंह राजपूत सदस्य जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, अध्यक्षता राममिलन हिरवानी, विशिष्ट अतिथि यशवंत साहू परिक्षेत्र साहू समिति डौंडीलोहारा,एन कुमारी राण्डे सरपंच ग्राम पंचायत कसही, नरेन्द्र कुमार साहू उपसरपंच,महावीर कलिहारी, रोहित चंदनमलागर, बसंती चंदनमलागर ,रामस्वरूप देवांगन, रामनारायण देवांगन,डोमन सोरी,अहिमन यादव,फिरंगु राम पड़ोटी, आत्मा राम खरे एवं पंच गण माधुरी मंडावी, ललीता कुंजाम, बिसाहिन बाई चिराम, गोमती बाई, राजेश्वरी, द्रोपती बाई, सहित समस्त स्वजाति बंधु एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

**गायत्री शक्ति पीठ दल्लीराजहरा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 का सम्मान समारोह गायत्री शक्ति पीठ दल्लीराजहरा मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रावीण्यता प्रमाण पत्र, नकद राशि से सम्मानित किया गया। परीक्षा में सहयोग करने वाले प्राचार्य एवं आरएस रायपुरिया, तिलक राम ठाकुर, मंजू लाल धनकर, यादव राम साहू, आदि शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपाल तिवारी राज्य संयोजक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना तथा सांस्कृतिक चेतना जागृत कर, ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति का निकट से परिचय कराना है। कार्यक्रम को डौंडी विकास खंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह भारद्वाज ने भी संबोधित किया।

**इन्होंने मारी बाजी:** जिला संयोजक मिलन सिन्हा ने बताया कि बालोद ज़िले के सभी विकासखण्डों से 571 स्कूलों से 5वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय तक 9 वर्गों से कुल 22024 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिसमें जिलास्तर 5वीं से प्रथम हिमांशु साहू शिशु मंदिर दल्ली राजहरा, द्वितीय किरण फ़रदफोड़, तृतीय निखिल कोटगांव। 6वीं से प्रथम वाशु निषाद माशा भंवरमरा, द्वितीय पीयूष पटेल शिशु मंदिर दुधली, तृतीय हिमांशी ठाकुर शिशु मंदिर खर्रा। 7वी से प्रथम सुष्मिता कोचेरा द्वितीय अदिति सिन्हा नेताजी सुभाष चंद्र बोस अर्जुन्दा, तृतीय छाया साहू भारती स्कूल अर्जुन्दा । 8वी से प्रथम कोमकझी साहू मा शा खपरी, द्वितीय साक्षी मा शा खपरी, तृतीय गीतांजलि माशा खपरी। 9वी से प्रथम विद्या यादव शास उमावि दर्रा, द्वितीय निष्ठा साहू शासकीय उमावि माहुद, तृतीय कृतिका शास उमावि नेवारीकला, 10वीं से प्रथम गरिमा सोनी प्रियदर्शिनी अर्जुंदा, द्वितीय ख्याति उमावि पेवरों, तृतीय कल्याणी शास उमावि दर्रा, 11वी से प्रथम नोमिता देवांगन शास उमावि भैंसबोड़, द्वितीय योगिता सिन्हा शास उमावि धानापुरी, तृतीय उषा कामडे सेजस झलमला तथा 12वीं से प्रथम गिरीश कुमार सेजस दुधली, द्वितीय हिमांशु यादव सेजस दुधली, तृतीय राजेश कुमार शास उमावि ज सांकरा। इसी प्रकार महाविद्यालय में प्रथम प्रियांशु बारले शहीद कौशल यादव गुण्डरदेही, द्वितीय विकास पटेल शहीद कौशल यादव गुण्डरदेही, तृतीय धात्री साहू अरमरीकला रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com





By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411